आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 04.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन था–कुल बावन अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किए।

2– बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव सहित पांच सौ लोगों ने आज रायपुर में भाजपा में प्रवेश लिया।

3– प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी स्कूलों के संचालन समय में बदलाव किया गया।

4– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता राम अवतार जग्गी की हत्या के मामले में अट्ठाईस अभियुक्तों की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है।

नामांकन प्रक्रिया

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। इन तीनों लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल बावन अभ्यर्थियों के नामांकन प्राप्त हुए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए तेईस अभ्यर्थियों से बत्तीस नामांकन पत्र मिले हैं। वहीं, महासमुंद क्षेत्र के लिए उन्नीस अभ्यर्थियों से तैंतालीस और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए दस अभ्यर्थियों से बीस नामांकन पत्र जमा हुए हैं।

कल पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थी आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को इन तीनो लोकसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

नामांकन–02

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव में पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडेय के नामांकन में शामिल हुए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव भी उपस्थित थे। इस मौके पर श्री साय ने उम्मीद जताई कि राजनांदगांव क्षेत्र की जनता संतोष पांडेय को इस बार भी अवसर देगी, ताकि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनांदगांव क्षेत्र का विकास कर सकें।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा नेता और प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। कांग्रेस का आरोप है कि विजय शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष के बंगले में कार्यकर्ताओं की भीड़ ले जाकर कानून व्यवस्था का उल्लंघन किया है।

लोकसभा चुनाव–प्रचार

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां लगातार बढ़ने लगी है। विभिन्न दलों के प्रत्याशी अपने–अपने क्षेत्रों में प्रचार में जुटे हुए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जल्द ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभाएं लेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह छह अप्रैल को कवर्धा में पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ अप्रैल को बस्तर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज बालोद जिले के डौंडी में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाताओं को पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी देने को कहा। इस बैठक में प्रदेश की पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, कांकेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी बीरेश ठाकुर और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्णचंद पाढ़ी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

भाजपा–प्रवेश

बिलासपुर की पूर्व महापौर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वाणी राव के साथ ही राम नामी संप्रदाय के प्रमुख सदस्य और छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकारों सहित पांच सौ से अधिक लोगों ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

इससे पहले, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष बृजेश साहू ने आज बिलासपुर जिले के बेलतरा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया। वे अपने अनेक समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए।

## मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इन दिनों विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज धमतरी में कलेक्टारेट परिसर से साइकिल रैली निकाली गई।

महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं द्वारा दीवारों पर प्रेरक नारे लिखे जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से मतदान का महत्व समझाने के लिए कहीं–कहीं छत्तीसगढ़ी भाषा में भी नारे लिखे गए हैं। जिले में तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं को भी अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

उधर, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दानसरा और बरमकेला गांवों में आज मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। वहीं, बरमकेला जनपद क्षेत्र के पिहरा, डुमरपाली और गोबरसिंघा गांवों में तालाब गहरीकरण के कार्य में लगे श्रमिकों को मतदान करने के लिए सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई।

वहीं, मुंगेली जिले के उन मतदाताओं को वीडियो कॉल के जरिए लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया, जो इस समय रोजगार के तलाश में प्रदेश के बाहर गए हुए हैं।

इसी जिले में आज वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और उभयलिंगी वर्ग को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस बीच, दुर्ग जिले के भिलाई स्थित कला मंदिर परिसर में आज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर ने की विभिन्न संस्थाओं के छात्र–छात्राओं द्वारा लगाई गई कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने युवा मतदाताओं को विशेष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## स्कूल समय–परिवर्तन

प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी शालाओं और अन्य शैक्षिणिक संस्थाओं के संचालन के समय में बदलाव किया है। लोक शिक्षक संचालनालय से जारी आदेश के अनुसार एक पाली में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं का समय सोमवार से शनिवार तक सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक रहेगा। वहीं, दो पालियों में संचालित होने वाली शालाओं में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं सुबह सात से ग्यारह बजे तक संचालित होंगी। वहीं, उच्चतर माध्यमिक कक्षाएं सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक लगेंगी। यह आदेश आज से ही प्रभावशील हो गया है।

## जग्गी–हत्याकांड

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता राम अवतार जग्गी की हत्या के मामले में अभय गोयल, याहया ढेबर, आर.के. त्रिवेदी तत्तकालीन सीएसपी ए.एस. गिल और चिमन सिंह सहित अट्ठाईस अभियुक्तों की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। इस मामले में जिला अदालत ने इन अट्ठाईस अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ सभी अभियुक्तों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

गौरतलब है कि चार जून दो हजार तीन को विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राजधानी रायपुर के मौहदापारा इलाके में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## जीएसटी–छापा

सेंट्रल जीएसटी के रायपुर मुख्यालय द्वारा चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान अधिकारियों ने तेरह फर्जी फर्मों का पर्दाफाश किया है। बताया गया है कि इन फर्जी फर्मों के जरिए जीएसटी के इनपुर टैक्स क्रेडिट का गलत तरीके से लाभ लेने का प्रयास किया गया। साथ ही सामानों और सेवाओं की आपूर्ति किए बिना ही फर्जी चालान बनाकर करीब तिरसठ करोड़ रूपए का फर्जी इनपुट क्रेटिड प्राप्त किया गया। वहीं, अन्य करदाताओं को लगभग बावन करोड़ रूपए का इन फर्जी इनपुट क्रेडिट हस्तांतरित किया गया। इस संबंध में सेंट्रल जीएसटी रायपुर मुख्यालय के आयुक्त मोहम्मद आबु सामा ने बताया कि रायपुर निवासी हेमंत कसेरा इन फर्जी फर्मों को बनाने और चलाने मुख्य सरगना है। अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ के दौरान उसने तेरह फर्जी फर्म बनाने की बात स्वीकार भी की है। इस आधार पर कल हेमंत कसेरा को केन्द्रीय जीएसटी के जांच दल द्वारा गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी की न्यायिक हिरातस को मंजूरी दे दी है। सेंट्रल जीएसटी के आयुक्त ने बताया कि फर्जी बिलिंग के इस मामले में अब तक पन्द्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच दल के अधिकारियों ने तलाशी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में आधार कार्ड, पैन कार्ड और हस्ताक्षर किए हुए चेक बुक सहित अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी नकली फर्मों का

जीएसटी रिटर्न एक ही इंटरनेट लॉगिन से दाखिल किया जा रहा था। फिलहाज जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

<u>विषाक्त भोजन—बीमार</u>

सारंगढ़—बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ क्षेत्र में अस्सी लोग विषाक्त भोजन खाने से बीमार हो गए हैं। इन सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें दो बच्चों को बेहतर इलाज के लिए बलौदाबाजार के अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया गया है कि कल बिलाईगढ़ क्षेत्र के रानीगढ़—छुइहा गांव में एक परिवार के दशगात्र कार्यक्रम से भोजन करने के बाद अचानक इन लोगों उल्टी—दस्त और बुखार की शिकायत होने लगी। इन सभी को तत्काल धनसीर और बिलाईगढ़ के स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गांव में शिविर लगाकर सभी मरीजों की जांच की जा रही है। इसके अलावा ये अधिकारी घरों में जाकर भी उन लोगों के जांच कर रहे है, जो दशगात्र में शामिल हुए थे। इन अधिकारियों ने संबंधित परिवार द्वारा बनाए गए भोजन के नमूने भी जांच के प्राप्त कर लिए हैं। फिलहाल सभी पीड़ितों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

<u>समाचार—समय बदलाव</u>

आकाशवाणी रायपुर से प्रासारित होने वाले हिन्दी प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में आगामी सात अप्रैल से परिवर्तन किया जा रहा है। सात अप्रैल से यह प्रादेशिक समाचार बुलेटिन शाम सात बजकर पांच मिनट के स्थान पर आप शाम छह बजकर पैंतालीस मिनट से सुन सकेंगे।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज गर्मी के बाद कल से मौसम में बदलाव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय तमिलनाडु से मध्यप्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव के कारण छह अप्रैल से प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इसके अलावा प्रदेश में आमतौर पर मौसम शुष्क रहेगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>